

## बीबीएलः स्टीव स्मिथ हवा से हुए हिट विकेट, थर्ड अंपायर ने नॉट आउट करार दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ फिलहाल उनके देश में होने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेल रहे हैं। शुक्रवार को सिडनी सिक्सर्स और मेलबर्न स्टार्स के बीच मुकाबले में उन्हें अजीब स्थिति से गुजरना पड़ा, जब विपक्षी टीम के खिलाड़ी उनके हिट विकेट होने का जश्न मनाने लगे। हालांकि बाद में पता चला कि वह नॉट आउट हैं।

पाकिस्तान के पेसर हारिस राउफ और मेलबर्न स्टार्स टीम के उनके साथी खिलाड़ी सिडनी टीम के लिए खेल रहे स्मिथ के हिट विकेट आउट होने का जश्न मना रहे थे कि थर्ड अंपायर ने उन्हें नॉट आउट करार दिया। रीप्ले में नजर आ रहा था कि हवा के कारण बेल्स गिरे ना कि स्मिथ का बल्ला या शरीरा कोई हिस्सा उनसे टकराया। बीबीएल के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से इस घटना का विडियो शेयर किया गया है। इसमें लिखा गया है– हिट विकेट, आपको नहीं लगता। हवा सने स्टीव स्मिथ को आउट कर दिया था। स्मिथ हालांकि इस मैच में खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 18 गेंदों पर 24 रन बनाकर एडम जम्पा का शिकार बने। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 1 छक्का लगाया। मेलबर्न में खेले गए इस मुकाबले में मोसेस हेनरिक्स की कप्तानी में सिडनी सिक्सर्स ने 43 रन से जीत दर्ज की।

# सीरीज में क्लीन स्वीप करना चाहेगी टीम इंडिया

## कीवी टीम को पिछले दो मैचों में सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माउंट माउंगानुई। न्यू जीलैंड में पहली बार टी–20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां बे ओवल मैदान पर होने वाले पांचवें और आखिरी टी–20 मैच में 5–0 की क्लीन स्वीप के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगी। वहीं, मेजबान न्यू जीलैंड की टीम लगातार चार मैच हारने के बाद अब इस मैच में सम्मान बचाने के लिए खेलेगी। कीवी टीम को पिछले दो मैचों में सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा है।



कप्तान विराट कोहली ने सीरीज जीतने के बाद कहा था कि उनकी टीम जीत की लय जारी रखना चाहेगी। तीसरे टी–20 मैच में जिस तरह से भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अंतिम ओवर में नौ रन का बचाव किया था और मेजबान टीम के बल्लेबाजों केन विलियमसन और रॉस टेलर को जरूरी रन नहीं बनाने दिए थे। गेंदबाजी में भी टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी सुपर ओवर में 18 रन का बचाव नहीं कर पाए थे और भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने उनके ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर मैच जिता दिया था। चौथे मैच में भी कीवी टीम अंतिम ओवर में सात रन नहीं बना पाई थी और भारतीय तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने सात रन बचाने के अलावा दो विकेट भी हासिल किए थे। भारतीय टीम ने इस मैच में अपने सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा को आराम दिया था और बेंच स्ट्रेंथ को आजमाया था। इसके बावजूद न्यू जीलैंड की टीम जीत हासिल नहीं कर पाई थी।

जहां एक ओर भारतीय युवा खिलाड़ी एक बार फिर मिले मौकों को अच्छे से भुनाने के लिए तैयार हैं तो अनुभवी न्यू जीलैंड की टीम चाहेगी वह इस सीरीज में भारत के हाथों 0–5 की क्लीन स्वीप से बचें।

बल्लेबाजी में जहां चौथे मैच में विलियम्सन की गैर मौजूदगी में कोलिन मुनरो और टिम सेइफर्ट ने अच्छा प्रदर्शन किया था, तो वहीं गेंदबाजी में साउदी का फॉर्म चिंता का विषय है। न्यू जीलैंड की टीम चाहेगी कि उसके कप्तान फिट होकर इस मैच में लौटे ताकि वह अपने अनुभव से टीम को क्लीन स्वीप होने से बचा सकें।

**टीमें (संभावित) भारतः** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उप–कप्तान), संजू सैमसन, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, रविंद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर।

# हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पूरी तरह मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं और उन्हें न्यू जीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से भी बाहर कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पंड्या लंदन गए थे जहां उनके साथ नैशनल क्रिकेट अकैडमी के हेड फिजियो आशीष कौशिक भी रहे। लंदन में सर्जन डॉ. जेम्स ऐलीबोन ने उनकी जांच की।

बयान के मुताबिक, हार्दिक एनसीए में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे, जब तक वह पूरी तरह मैच फिट नहीं हो जाते हैं।



हार्दिक पिछले साल सितंबर से क्रिकेट मैदान से दूर हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सितंबर में बेंगलुरु में आखिरी टी20 इंटरनैशनल मैच खेला था। भारत और न्यू जीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज के बाद 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगा। भारतीय टीम ने टी20 में 4–0 की बढ़त बना रखी है और सीरीज का पांचवां और अंतिम टी20 रविवार को माउंट मोनगानुई में खेला जाएगा। भारतीय टीम न्यू जीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच वेलिंग्टन में 21 फरवरी से खेलेगी, जबकि सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 29 फरवरी से शुरू होगा।

बड़ौदा के 26 साल के इस क्रिकेटर ने दावा किया था कि वह न्यू जीलैंड दौरे के दूसरे हिस्से के लिए फिट हो जाएंगे लेकिन बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने पहले कहा था कि यह पंड्या का निजी व्यक्तिगत आकलन था। न्यू जीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।

## खेलो इंडिया के बजट में 312 करोड़ की बढ़ोतरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2020–21 के केंद्रीय बजट में युवा मामले और खेल मंत्रालय को दिए गए आवंटन में खेलो इंडिया युवा खेलों का बजट 312.42 करोड़ रुपये यानी करीब 54 प्रतिशत बढ़ा कर 890 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है।

सीतारमण ने शनिवार को आम बजट पेश किया जिसमें खेल मंत्रालय को 2826.92 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जबकि वर्ष 2019–20 के संशोधित बजट में यह आवंटन 2776.92 करोड़ रुपये था। वर्ष 2019–20 में खेलो इंडिया के लिए सालाना आवंटन 578 करोड़ रुपए था जो इस वर्ष के लिए बढ़ाकर 890.42 करोड़ रुपये कर दिया गया।

वर्ष 2018 में अंडर–17 स्कूल और अंडर– 21 कालेज छात्रों के लिए शुरू किए गए इन खेलों का तीसरा सत्र हाल ही में गुवाहाटी में संपन्न हुआ। वहीं वर्ष 2020 –21 के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पुरस्कार की राशि पिछले साल की तुलना में काफी कम कर दी गई है। नए वित्त वर्ष में इस मद के तहत आवंटन 372 करोड़ रुपये है। वर्ष 2019–20 में इस मद में 496 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

## न्यूज डायरी



### भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फील्डिंग में सुधार की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। भारतीय महिला टीम रविवार को त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी तो उसे अपनी फील्डिंग में सुधार करना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम अंकतालिका में टॉप पर है जिसने शुक्रवार को इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 147 रन पर रोक दिया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत के 42 रन की मदद से पांच विकेट से जीत दर्ज की। बल्लेबाजों में युवा शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्ज और हरमनप्रीत सभी ने रन बनाए हैं लेकिन मध्यक्रम जूझता नजर आया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा था, 'मुझे खुशी है कि हमारे युवा खिलाड़ी आजादी से खेल सकें। हमें फील्डिंग पर मेहनत करनी होगी।' टी20 वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पहले मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद वापसी की कोशिश में होगी।

### ऑस्ट्रेलियन ओपनः मुगुरुजा को हरा केनिन ने जीता पहला ग्रैंड स्लैम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अमेरिका की 21 साल की युवा टेनिस खिलाड़ी सोफिया केनिन ने शनिवार को अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब ऑस्ट्रेलियन ओपन के तौर पर जीता। साल के पहले ग्रैंड स्लैम में सोफिया ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में स्पेन की गार्बिने मुगुरुजा को मात दे ऑस्ट्रेलियन ओपन की ट्रॉफी उठाई। वर्ल्ड नंबर–15 केनिन ने वर्ल्ड नंबर–32 मुगुरुजा को 4–6, 6–2, 6–2 से हराया। यह मैच दो घंटे तीन मिनट तक चला। सोफिया पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में खेल रही थीं। वहीं यह उनका तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन था। 2018 में वह पहले और 2019 में वह दूसरे दौर में ही हार कर बाहर हो गई थीं। मुगुरुजा की कोशिश थी कि वह अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम जीतें। वह 2016 में फ्रेंच ओपन और 2017 में विबंलडन जीत चुकी हैं। 2015 में वह विबंलडन के फाइनल में भी पहुंची थीं, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी थीं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनलः 'किंग' जोकोविच का सामना 'जाइंट किलर' थिएम से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अब तक सातों आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल जीतने वाले नोवाक जोकोविच लगातार 12 मैच जीत चुके हैं और रविवार को यहां खिताब जीतने पर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जायेंगे लेकिन उनका सामना कई दिग्गजों को हराकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत डोमिनिक थिएम से है। सर्बिया के जोकोविच का आस्ट्रेलिया के थिएम के खिलाफ कैरियर रिकार्ड 6 . 4 का है। थिएम ने पिछले पांच में से चार बार जीत दर्ज की है। जोकोविच ने थिएम की तारीफ करते हुए कहा ,'' उसे अगली पीढी का कहना गलत होगा क्योंकि वह लंबे समय से खेल रहे हैं। अब वह शीर्ष पांच, शीर्ष दस का खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा ,''यहां एक मैच जीतने से ग्रैंडस्लैम उसके नाम हो सकता है। वह जल्दी ही दुनिया के शीर्ष तीन खिलाड़ियों में होगा।''

### मीराबाई चानू के ओलंपिक पदक जीतने की उम्मीदः मल्लेश्वरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सिडनी ओलंपिक (2000) में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ने शनिवार को उम्मीद जताई की मीराबाई चानू अपने पिछले ओलंपिक के अनुभव का फायदा उठाते हुए 2020 तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतेंगी। पूर्व विश्व चौम्पियन मीराबाई तोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने की मजबूत दावेदार है। ओलंपिक में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि मीराबाई चानू इस साल ओलंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगी। उसने पिछले ओलंपिक से काफी कुछ सीखा है, मैं इस बात को लेकर लगभग आश्वस्त हूं कि वह इस बार पदक जीतेगी।'' उन्होंने कहा, '' अब भारत में भारोत्तोलकों के लिए बहुत सारी प्रतियोगिताएं होती है।